# रेलवे भर्ती बोर्ड
**RAILWAY RECRUITMENT BOARD**
# भारत सरकार : रेल मंत्रालय
Govt. of India (Ministry of Railways)

सत्यमेव जयते

---

## कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ आयोजित करने के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों (ईसीए) के साथ बैठक

### परिचय

भारतीय रेलवे पर 21 रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) हैं, जो अखिल भारतीय स्तर पर हैं, जो भारतीय रेलवे पर ग्रुप 'सी' के पदों में अलग-अलग श्रेणियों की भर्ती करते हैं। वे रेलवे भर्ती नियंत्रण बोर्ड (आरआरसीबी) के नियंत्रण में हैं, जिसे रेलवे भर्ती बोर्डों के कार्यों को समन्वित और कारगर बनाने के लिए रेल मंत्रालय में स्थापित किया गया था।

अब रेलवे भर्ती बोर्डों में कार्य पूरी तरह से डिजिटल स्तर पर निष्पादित किया जाता है तथा लगभग सभी भर्ती प्रक्रियाएँ, जैसे आवेदन आमंत्रित करना, परीक्षाएँ आयोजित करना, उम्मीदवारों का मूल्यांकन करना, दस्तावेज़ों का सत्यापन करना और योग्य उम्मीदवारों का पैनल बनाना, कंप्यूटर पर आधारित हैं। कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ (सीबीटी) 15 भाषाओं में यथा, हिंदी, अँग्रेज़ी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मराठी, मणिपुरी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की जाती हैं।

यह देखते हुए कि भारतीय रेलवे देश का सबसे बड़ा नियोक्ता है, प्रत्येक केंद्रीकृत रोज़गार अधिसूचना (सीईएन) के अंतर्गत बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। वर्ष 2018-19 से जारी अधिसूचनाओं संबंधी परीक्षा विवरण निम्नानुसार है :-

| | | सीईएन-1/2018 | सीईएन-2/2018 | सीईएन-3/2018 | सीईएन-1/2019 | सीईएन-2/2019 | सीईएन-3/2019 | सीईएन आरआरसी 1/2019 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | | 64,371 | 62,907 | 13,487 | 35,208 | 1,923 | 1,663 | 1,03,769 |
| प्राप्त आवेदनों की संख्या | | 47,58,218 | 1,89,82,719 | 24,92,554 | 1,26,30,885 | 4,47,593 | 1,02,940 | 1,15,67,248 |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षा – प्रथम चरण | अधिकतम उम्मीदवार / पाली | 1,62,179 | 1,64,026 | 78,269 | | 61,123 | | |
| | पालियों की कुल संख्या | 33 | 152 | 35 | | 9 | | |
| | परीक्षा शहर/केंद्र की कुल संख्या | 165/439 | 166/405 | 104/356 | | 86/224 | | |

जहाँ सीईएन 1/2018 और सीईएन 3/2018 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के अतिरिक्त चरण थे, वहीं सीईएन 01/2019, 03/2019 और आरआरसी-01/2019 के लिए कंप्यूटर आधारित प्रथम चरण परीक्षा से कम उम्मीदवारों और पालियों की संख्या थी, जो कि आयोजित होना शेष हैं।

उपर्युक्त के आधार पर यह देखा जा सकता है कि रेलवे भर्ती बोर्डों के लिए दोषरहित कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ आयोजित करने के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी (ईसीए) को अपने कार्यों के अंतर्गत सावधानीपूर्वक योजना बनाने, संसाधनों का बड़े पैमाने पर एकत्रीकरण तथा डेटा को कुशलतापूर्वक प्राप्त करने, संभालने और उस पर कार्य करने की आवश्यकता है। परीक्षा की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा के लिए उपयोग में लाया जाने वाला परीक्षा सॉफ्टवेयर (संस्करण/ वर्जन) प्रमाणित होना चाहिए एवं उसकी पूर्णतया जाँच की जानी चाहिए। संवेदनशील डेटा की सुरक्षा और उन्हें संचारित करने में प्रमाणित तकनीकी सुरक्षा उपायों को अपनाना एक बहुत महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

## क्रियाएँ

कंप्यूटर आधारित परीक्षा के सुरक्षित आयोजन के लिए ईसीए द्वारा कई चरणों के अंतर्गत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियां निम्नानुसार हैं :-

### <u>I. परीक्षा पूर्व</u>

1. निर्धारित समय के भीतर कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ आयोजित करने के लिए प्रमुख शहरों और कस्बों में पर्याप्त संख्या में मानक स्थानों की पहचान, चयन और तैयारी। इन परीक्षा केंद्रों में परीक्षाओं के निर्बाध आयोजन सुनिश्चित करने के लिए एक मज़बूत लैन के साथ आर्ट नेटवर्किंग उपकरणों एवं पर्याप्त पावर बैक अप की उपलब्धता होनी चाहिए। इन परीक्षा केंद्रों को शहर की नगर पालिका सीमा के भीतर अच्छे सड़क संपर्क के साथ होना चाहिए तथा रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा निर्धारित मापदंड इनके द्वारा पूरा किया जाना चाहिए।
2. विभिन्न पालियों में समान वितरण सुनिश्चित करते हुए उम्मीदवारों का निर्धारण तथा ई-बुलावा पत्रों को बनाना। बेंचमार्क द्विव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों को सुलभ स्थानों पर पीडब्ल्यूबीडी के अनुकूल केंद्रों पर निर्धारित करने के लिए विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता होती है।
3. शून्य-ब्लैक स्पॉट सीसीटीवी कवरेज, प्राथमिक सर्वर एवं उम्मीदवार नोड्स पर प्रश्न पत्र (क्यूपी) डाउनलोड होने में देरी के कारण परीक्षा के दौरान विफलताओं से बचने के लिए सभी पहलुओं को शामिल करते हुए पूरे लोड पर सिस्टम का मॉक परीक्षण, बफरिंग मुद्दों, प्राथमिक सर्वर में समस्या के मामले में द्वितीयक सर्वर द्वारा अधिग्रहित करना, बिजली की आपूर्ति में रुकावट, कंप्यूटर नोड्स के पुन: लॉगिन इत्यादि जैसे मापदंडों के लिए सभी परीक्षा स्थलों की पूर्व जाँच (ऑडिट)।
4. विभिन्न चरणों में ई-मेल और/ या एसएमएस द्वारा उम्मीदवारों को सूचना भेजना और उम्मीदवारों के लिए सहायता डेस्क की सुविधाएँ प्रदान करना।
5. किसी पाली की शुरुआत से ठीक पहले पर्याप्त संख्या में प्रश्न सेट बनाने के लिए सही अनुवादों एवं विकल्पों/ उत्तर कुंजियों के साथ एक ठोस प्रश्न बैंक तथा स्वचालित गोपित प्रशासन निरापद एवं

सुरक्षित विधि से बनाए रखना। इसके अतिरिक्त, यदि उम्मीदवारों के अंक 'सामान्यीकृत' किए जाते हैं, तो विभिन्न पालियों में क्यूपी की कठिनाई का स्तर समान रूप से बनाए रखा जाना चाहिए।

**II.** <u>परीक्षा के दौरान</u>

विभिन्न अधोलिखित गतिविधियाँ के लिए तकनीकी, परिचालन, लॉजिस्टिक एवं जनशक्ति संबंधित सहयोग सहित, शुरू से अंत तक सहयोग :-

क. उम्मीदवारों की जाँच और फ्रिस्किंग।

ख. लैबों में अन्वीक्षण।

ग. उम्मीदवारों का बॉयोमीट्रिक लेना (फोटो और अंगूठे का निशान)।

घ. परीक्षा के वास्तविक समय की निगरानी के लिए रेलवे बोर्ड और 21 रेलवे भर्ती बोर्ड के कार्यालयों में मज़बूत डेसबोर्ड सहित नियंत्रण कक्ष की स्थापना।

ङ. परीक्षा का निर्बाध, सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना।

च. पदों और परीक्षा योजना के आधार पर परीक्षा के कई चरण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ विशेष हैं जैसे कि कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा, टाइपिंग कौशल परीक्षा, आशुलिपिक परीक्षा इत्यादि।

छ. निर्धारित समय सीमा के भीतर एक निरापद और सुरक्षित तरीके से परीक्षा लॉग और अन्य दस्तावेज़ों का भंडारण और प्रसारण।

**III.** <u>परीक्षा के पश्चात्</u>

क. प्रश्न/ उत्तर कुंजी के संबंध में उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्तियों पर कार्रवाई।

ख. योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करने के लिए अनुमोदित प्रोटोकॉल के अनुसार रेलवे भर्ती बोर्डों को परीक्षा परिणाम समय पर प्रस्तुत करना।

ग. दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन, उम्मीदवारों के दस्तावेज़ों इत्यादि के संबंध में रेलवे भर्ती बोर्डों का सहयोग करना।

घ. संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के संबंध में आरटीआई प्रश्नों, अदालती मामलों इत्यादि के उत्तर प्रदान करने के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड को अपेक्षित जानकारी की आपूर्ति करना, जो रेलवे भर्ती बोर्ड की तरफ़ से उनके द्वारा की गईं अन्य गतिविधियाँ एवं प्रश्न/ उत्तर कुंजियाँ से संबंधित होती हैं।

<u>बैठक की कार्यसूची</u>

ईसीए के संबंध में निर्णय करने हेतु खुली निविदा आमंत्रित करने से पूर्व, भावी बोली लगाने वालों की साख एवं कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करने की उनकी कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु उनके साथ विचार-विमर्श करने **दिनांक 25.09.2019 को 10.30 बजे** रेल मंत्रालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, रेलवे बोर्ड, **रेल भवन, नई दिल्ली** में एक बैठक आयोजित करना प्रस्तावित है।

प्रत्येक कंपनी को केवल 10 मिनट का स्लॉट दिया जाएगा। उन्हें निम्नलिखित बिंदुओं को बहुत संक्षेप में बताने हेतु पावर-पॉइंट प्रस्तुति के लिए वर्णमाला के क्रम में एक के बाद एक बुलाया जाएगा : -

1. बोली लगाने वाली कंपनी का परिचय, बोली लगाने वाले के द्वारा कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं (सीबीटी) को आयोजित करने का सामर्थ्य एवं क्षमता।
2. अतीत में सीबीटी आयोजित करने का अनुभव।
3. अधोलिखित के संबंध में गुणवत्ता, सूचना संरक्षा और सुरक्षा प्रमाणपत्र :-

   क. संगठन

   ख. डेटा सेंटर (स्वामित्व/ किराए पर) और

   ग. प्रस्तावित परीक्षा सॉफ्टवेयर, जो कि अभिनियोजित किया जाना है।
4. कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करने संबंधी आवेदन, सॉफ्टवेयर परीक्षण पद्धति (आंतरिक/बाह्य स्थिति में) : -

   क. सॉफ्टवेयर परिवर्तन प्रबंधन प्रक्रिया कैसी है तथा वर्सन नियंत्रण को प्रबंधित कैसे किया जाता है?

   ख. जोखिम पहचान/ शमन के लिए अपनाई गई कार्य-नीतियाँ क्या हैं ?

   ग. साथ ही, परीक्षा आयोजित करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रणाली का परीक्षण; निष्पादन, सुरक्षा, उपयोगिता, उच्च उपलब्धता, व्यावसायिक निरंतरता, और आपदा-बहाली के लिए किया जाना चाहिए।
5. प्रश्न कोष विकास के लिए कार्य-नीति।
6. त्रुटिहीन प्रमाणिक रिकॉर्ड, मज़बूत नेटवर्क तथा बिजली आपूर्ति की उपलब्धता के साथ परीक्षा केंद्रों को किराए पर लेने की पद्धति तथा नेटवर्क के अतिरेक को कैसे सुनिश्चित किया गया है।
7. परीक्षा के संचालन में लगने वाले कार्मिकों की पृष्ठभूमि की जाँच का आयोजन तथा उसके पश्चात् उनका प्रशिक्षण।
8. मॉक टेस्ट के संचालन की पद्धति। क्या सभी मापदंड, जो वास्तविक कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन में शामिल हैं, सिम्युलेटेड हैं?
9. अत्यधिक सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करने की कार्यनीति।
10. परीक्षा के पश्चात् की गतिविधियों को संभालना जैसे उत्तर कुंजी, उम्मीदवारों की आपत्तियों का निपटान, परिणाम की तैयारी, परीक्षा से संबंधित डेटा का स्थानांतरण।

भावी बोली लगाने वालों के द्वारा प्रस्तुति शुरू करने से पूर्व पीसी में सॉफ्ट कॉपी लोड की जाएगी। प्रस्तुति की एक हार्ड कॉपी रेल मंत्रालय के प्रतिनिधि को दी जानी चाहिए। इस बैठक में प्रति कंपनी दो व्यक्तियों

को उपस्थित होने का अनुरोध किया जाता है। अधोलिखित विवरणों को **दिनांक 23.09.2019 से पूर्व** ईमेल rrb.eca01@gmail.com पर कृपया प्रेषित करें :-

क. प्रतिभागियों के नाम।

ख. मोबाइल नंबर।

ग. संगठन का नाम।

घ. संगठन का संक्षिप्त विवरण।

दिनांक 23.09.2019 के पश्चात् प्राप्त ई-मेलों पर विचार नहीं किया जाएगा।

रेलवे भर्ती बोर्ड